# उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा वित्त पोषित

# एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार

**दिनाँक: 28 अगस्त 2023**

## “राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उच्च शिक्षा में स्वरूप तथा क्रियान्वयन की चुनौतियां”




आयोजक

## शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर (म.प्र.)

**Website - https://gtcanuppur.ac.in/, Facebook - Gtc Anuppur**
**Instagram- gtdcanuppur, X(Twitter) - @GovtTulsi**
**Workspace- seminar@gtcanuppur.ac.in**
**Cultural partner- Cultural Committee , Youtube Partner- Tulsi Gyandhara**

# एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उच्च शिक्षा में स्वरूप तथा क्रियान्वयन की चुनौतियां

**दिनाँक: 28 अगस्त 2023**
**समयः दोपहर 11:30 बजे**

## मुख्य अतिथि वक्ता



पीयूष त्रिपाठी
सहायक प्राध्यापक
राजनीतिशास्त्र विभाग
देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गुलावठी बुलंदशहर(उत्तर प्रदेश)



डॉ. दिवाकर सिंह राजपूत
प्रोफेसर, प्रमुख, डीन और निदेशक
समाजशास्त्र विभाग
डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय
सागर (म.प्र)



डॉ. जे.के. संत
संरक्षक / प्राचार्य
शासकीय तुलसी महाविद्यालय
अनूपपुर (म.प्र)



संयोजक
प्रीति वैश्य



समन्वयक
डॉ. अमित भूषण



सह-संयोजक
संगीता बासरानी

**गुगल मीट लिंक** :- https://meet.google.com/ppw-hyhj-wsz
**पंजीयन लिंक** :- https://forms.gle/h3SDmPW1W4c5N8hN7

## संकल्पनात्मक टिप्पणी

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उच्च शिक्षा में स्वरूप तथा क्रियान्वयन की चुनौतियां

मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने उच्च शिक्षा में सत्र-2021-22 से स्नातक स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू किया है। इससे एक ओर नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 को लागू करने से उच्च शिक्षा के स्वरूप में परिवर्तन आया है, वहीं दूसरी ओर इसके क्रियान्वयन में चुनौतियां भी देखी गई हैं।अब जबकि 2023-24 में स्नातक के तीन वर्षों की कक्षाओं में राष्ट्रीय शिक्षा नीति,2020 लागू हो चुकी है, ऐसे में यह समाचीन प्रतीत होता है कि उच्च शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के स्वरूप को पुनः समझा जाये तथा इसके क्रियान्वयन में उत्पन्न हुई चुनौतियों का एक खाका तैयार करके राष्ट्रीय शिक्षा नीति को उसी स्वरूप में लागू किया जाए तथा इसके लक्ष्यों एवं उद्देश्यों की प्राप्ति में एकरूपता और निश्चितता के साथ आगे बढ़ा जाय।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, भारतीय शिक्षा प्रणाली को सुधारने और आधुनिकीकरण के उद्देश्य से तैयार की गई है । यह भारतीय शिक्षा प्रणाली में एक ऐतिहासिक परिवर्तन है, जिसके अंतर्गत उच्च शिक्षा के लिए कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किये गए है जिनमें शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यार्थी केंद्रित शिक्षण व्यवस्था और नैतिक मूल्यों के साथ- साथ अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना शामिल है। इन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए छात्रों, शिक्षकों और प्रशासकों के दृष्टिकोण में बदलाव की आवश्यकता होगी। इस नीति के क्रियान्वयन में शिक्षा संस्थानों को उपयुक्त संसाधन तथा तकनीकी नवाचार और दक्षता के साथ विभिन्न चुनौतियों का समाधान तलाशना होगा। एक अन्य महत्वपूर्ण चुनौती उच्च शिक्षा की ब्रांडिंग की है, जिसमें उच्च शिक्षण संस्थानों को अपनी विशिष्ट विशेषताओं को प्रचारित करने और विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा में आकर्षण को बढ़ाया जाना चाहिये ।

ऐसे में यह वेबीनार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उच्च शिक्षा के स्वरूप को समझने तथा उच्च शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों का विश्लेषण करके महत्वपूर्ण निष्कर्ष तथा सुझाव प्रस्तुत करेगा ।

**वेबिनार के मुख्य विषय-**

- चयन आधारित क्रेडिट सिस्टम
- बहुविषयक शिक्षा
- बहुआगमन एवं निर्गमन
- परिणाम आधारित शिक्षा एवं पाठ्यक्रम
- भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा से युक्त समावेशी शिक्षा
- व्यावसायिक शिक्षा का समावेश
- योग्यता संवर्धन
- अकादमिक लचीलापन
- ऑनलाइन अध्ययन सुविधा
- NEP के क्रियान्वयन की चुनौतियां

ऊपर दिए गए विषय केवल मार्गदर्शी प्रकृति के है। इन विषयों के अलावा भी लेखक, शोधकर्ता, प्राध्यापक अथवा अन्य स्टेकहोल्डर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के स्वरूप अथवा क्रियान्वयन संम्बंधी उप-शीर्षकों पर अपना लेख हमें भेज सकते है।

## पात्रता-

- किसी भी रजिस्टर्ड भारतीय विश्वविद्यालयों, संस्थओं और कॉलेजों के संकाय सदस्यों तथा पीएचडी के अनुसंधान अध्येताओं के लिए खुला ऑनलाइन पेपर प्रेजेंटेशन का निःशुल्क आमंत्रण। पेपर प्रेजेंटेशन करने वाले समस्त अध्येताओं को पेपर प्रेजेंटेशन का ई-प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

- सभी प्रतिभागियों से यह निवेदन किया जाता है कि वे दिनाँक 27.08.2023 के सायंकाल 5 बजे के पूर्व तक निम्न लिंक का प्रयोग कर ऑनलाइन पंजीकरण सम्पन्न कर लें।

  **पंजीयन लिंक** :- https://forms.gle/h3SDmPW1W4c5N8hN7

- द्रुत गति का इंटरनेट, स्मार्ट फ़ोन या लैपटॉप के साथ गूगल मीट एप्प का अनिवार्य शर्त है।

- प्रतिभागियों के लिए पंजीकरण निःशुल्क है। महाविद्यालय के विद्यार्थी offline पंजीकरण के माध्यम से महाविद्यालय के स्मार्ट कक्ष तथा इंटरेक्शन पैनल में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देख सकेंगे। उन सभी विद्यार्थियों को ई-प्रमाण पत्र दिया जाएगा जिन्होने पंजीकरण किया हो और कम से कम 80 प्रतिशत सत्रों को जॉइन किया हो ।

- सुविधा के लिए आप को हमारे व्हाट्सएप्प समूह से जुड्ने के लिए आमंत्रित किया जाता है, जिसे आप रजिस्ट्रेशन के तुरंत बाद नीचे के लिंक से जॉइन कर सकते है।

  **वाट्सएप ग्रुप लिंक:-**

इस लिंक के माध्यम से वाट्सएप ग्रुप से अवश्य जुड़े ताकि वेबीनार संबंधी समस्त जानकारियाँ आपको प्राप्त हो सके एवम फीड बैक फ्रॉम की लिंक के माध्यम से आपको प्रमाण पत्र प्राप्त हो सके- https://chat.whatsapp.com/JQH6eAnM3kh42Bjkt0K5TZ

**गुगल मीट लिंक** :- https://meet.google.com/ppw-hyhj-wsz

## शोध पत्र हेतु दिशा निर्देश -

- शोध पत्र आलेख हिंदी/अंग्रेजी दोनों भाषाओं में स्वीकार्य होगा।
- हिंदी के लिए एरियल यूनिकोड एमएस और अंग्रेजी के लिए टाइम्स न्यू रोमन का उपयोग करें (फोंट साइज : 12 )।
- शोध पत्र की शब्द सीमा पूर्ण शोध पत्र 2000 से 3000 शब्द ,शोध सारांश अधिकतम 500 शब्द।
- पेपर के शीर्षक के बाद लेखक का नाम, पदनाम, संबद्ध संस्थान का नाम, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर अनिवार्यता लिखा जाए।

## प्रकाशन-

आप अपने लेख को seminar@gtcanuppur.ac.in पर दिनाँक 27 अगस्त 2023 तक भेज सकते है। समस्त लेखों का प्रकाशन वेबिनार प्रोसीडिंग के रूप में महाविद्यालय द्वारा किया जाएगा। वेबिनार में प्रस्तुत किये गए पूर्ण शोध पत्रों, लेख एवं आलेखों तथा सारांश का प्रकाशन महाविद्यालय द्वारा सौवेनियर में प्रकाशित की जाएगी तथा इसकी डिजिटल प्रति निःशुल्क उपलब्ध रहेगी।

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें

प्रो.प्रीति वैश्य ,मो. न. **9009420899** / प्रो. संगीता बासरानी ,मो.न. **9617744787** / प्रो.शहबाज़ खान मो.न. **7566480468**